विधान मंडल विस्तारित भवन में अवस्थित माता सरस्वती की हुई पूजा-अर्चना।

एन.डी.ए के तीनों उम्मीदवारों को राज्यसभा का नामांकन दाखिल करने पर शुभकामना।

मान, सम्मान और स्वाभिमान के खातिर राजद के विधायकों ने तोड़ा नाता।

पटना 14 फरवरी 2024

बिहार के उपमुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा ने बिहार विधानसभा के विस्तारित भवन स्थित पुस्तकालय में मां शारदा भवानी की पूरे श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना की और मौके पर प्रदेशवासियों को बसंत पंचमी की बधाई और शुभकामनाएँ भी दी।
श्री सिन्हा ने कहा कि मां सरस्वती विद्या, बुद्धि, ज्ञान, कला और संस्कार की अधिष्ठात्री देवी हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि उनकी कृपा से ही हम बिहारवासी सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक जीवन में तरक्की कर रहे हैं

तथा बिहारी प्रतिभायें देश-विदेश में अपनी सफलता का परचम लहरा रही है।

उपमुख्यमंत्री श्री सिन्हा ने आज भाजपा और जदयू के उम्मीदवारों क्रमश: श्री भीम सिंह, श्रीमती धर्मशीला गुप्ता और संजय कुमार झा द्वारा राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल करने पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें भी अपनी शुभकामना दी है। श्री सिन्हा ने कहा है कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में इन सभी का भी महत्वपूर्ण योगदान होगा। साथ ही विकसित बिहार बनाने में भी ये अपनी भूमिका निभायेंगे।

बिहार के उपमुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राजद के तीनों विधायकों ने अपना मान, सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए राजद से नाता तोड़ लिया है। श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार के लोगों ने राजद का खेल देखा है। जनता की गाढ़ी कमाई लूटकर अकूत संपति अर्जित करने वाले ने विश्वासमत में भी पैसे का खेल शुरू करने का प्रयास किया और ये विफल हुये। इन्होने अपने विधायकों को बंधक बनाकर उनसे बंधुआ

मजदूर के जैसा वर्ताव किया।
अपने मान-सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए श्री प्रहलाद यादव, श्रीमती नीलम देवी और श्री चेतन आनंद ने राजद से नाता तोड़ लिया है।श्री सिन्हा ने कहा कि पांच-पांच विभाग स्थायी तौर पर तेजस्वी जी ने अपने पास रखा। ये दुसरे के घर को लूटने चले थे पर इनका अपना ही घर लूट गया। ये बाज नहीं आये तो आगे भी इनका यही हाल होने वाला है।